# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

## मासिक आख्या–जनवरी, 2019

संख्या– 721–1 /तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या — दिनांक 08 फरवरी, 2019

1. **दिनांक 01.01.2019 की रात्रि लगभग 8:30 बजें तहसील मोरी अन्तर्गत ग्राम भितरी में आग लगने की सूचना** प्राप्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक तथा राजस्व उप निरीक्षक को मय पुलिस टीम से समन्वय कर आवश्यक उपकरणों सहित घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। घटना में लकडी के बने कच्चे खोके/दुकान में आग लगने से क्षतिग्रस्त हुये तथा किसी भी प्रकार की जनहानि, पशु हानि तथा आवासीय भवन क्षति नहीं हुयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा ग्राम भितरी में आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही जनपद आपातकालीन केन्द्र में उपस्थित रहकर सम्बन्धित अधिकारियों को अवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।
2. **दिनांक 02.01.2019 जनपद में स्थापित किये जाने वाले हाईड्रोमेटिक उपकरणों की वीडियों कन्फ्रेसिंग में प्रतिभाग किया गया।**
3. **शीतलहरी एवं बर्फवारी से बचाव सम्बन्धित सावधानियों के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जारी** किये गये DO's nad donts सम्बन्धी दिशा–निर्देशों के अनुसार आम जनमानस को शीतलहरी एवं बर्फबारी से बचाव हेतु जागरूक किया गया। शीतलहरी से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थानों पर आवश्यक रूप से अलाव जलाया गया। वर्षा होने तथा ऊँचाई वाले क्षेत्र में बर्फवारी से यातायात मार्ग भूस्खलन/मलवा आने के साथ–साथ बर्फवारी से अवरूद्ध होने की प्रबल सम्भावना है, जिससे जन जीवन प्रभावित हो सकता है। उक्त के दृष्टिगत यातायात मार्गों के संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक मशीनरी (जेसीबी/पोकलैण्ड/डोजर आदि) तथा मजदूरों की तैनाती करवाते हुये बर्फवारी/पाला पड़ने वाले स्थानों पर आवश्यक मात्रा में चूना आदि की व्यवस्था करने तथा मार्ग अवरूद्ध होने की स्थिति में तत्काल सुचारू करवाने हेतु सम्बन्धितों से समन्वय किया गया।
4. **03.01.2019 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। जिसमे** वाहनों की नियमित जांक किये जाने हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित किया।
5. **दिनांक 03.01.2019 को जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की बैठक आहूत की गयी । बैठक में वर्षा/बर्फवारी के** दृष्टिगत पूर्व तैयारी सम्बन्धी निर्देश दिये गये।
6. **दिनांक 04.01.2019 को देपहर 2:40 बजे जिला मुख्यालय मे बस स्टेण्ड के पास एक बस का ब्रेक नही लगने एंव** अनियंत्रित होने से 02 महिलाओं को टक्कर मारी। घायल महिलाओं को प्राथमिक उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। घटना में 01 गम्भीर घायल महिला की उपचार के दौरान मृत्यु हुयी।

   **दिनांक 05.01.2019 को भागीरथी ईको सेंसिटव जोन की बैठक आहूत की गयी।**
7. **भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 06.01.2019 को प्रातः 10:00 बजे जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार** अगले 24 घंटो में उत्तराखण्ड के जनपद उत्तरकाशी में कही–कहीं भारी बर्फवारी सम्भावना व्यक्त की गई है। उक्त के दृष्टिगत अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्रधिकरण,सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक आहूत कर आवश्यक निर्देश निर्गत किये गये। इसके अतिरिक्त वर्फबारी से मार्ग अवरुद्व होने की प्रबल सम्भावना के टृष्टिगत यातायात मार्गो के संवेदनशील स्थानो पर आवश्यक मशीनरी एंव पाला/बर्फवारी पड़ने वाले स्थानो पर अवश्यक मात्रा में चूना आदि की व्यवस्था की गयी।



8. **जनपद के विकासखण्डवार पंजीकृत महिला मंगल दल एवं युवक मंगल दलों को आपदा प्रबन्धन खोज–बचाव एवं** प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण तथा ग्राम पंचायत स्तर पर अवस्थित राजकीय विद्यालयों में आपदा जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन हेतु निर्धारत दिशा–निर्देशों व शर्तों के अनुसार शीघ्र प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने हेतु अनुबन्ध गठन एवं आवश्यक दिशानिर्देश सम्बन्धी बैठक दिनांक 11.01.2019 को अपरान्ह 2:00 बजे आहूत की गयी ।

9. **जनपद आपातकालीन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितो से समन्वय कर जनपद उत्तरकाशी के नगर/तहसील क्षेत्रान्तर्गत** प्रतिदिन सार्वजनिक स्थलो पर जलाये गये अलाव का विवरण।

| क्र.सं. | तहसील/उप तहसील का नाम | अलाव जलाये गये स्थल |
|---|---|---|
| 01 | जिला मुख्यालय | भैरवचौक, विश्वनाथ चौक, हनुमान चोक, बस स्टैण्ड, गोस्वामी स्कूल, सांई मन्दिर, गैस गोदाम, पलय ज्ञानसू, टैक्सी स्टैण्ड पाण्डुली, हरि ओम होटल, तिलोथ पुल, तिलोथ बैण्ड, |
| 02 | भटवाड़ी | भटवाड़ी बाजार, हर्षिल, मुखवा मन्दिर परिषद, सुक्की झाला, लाटा, गंगनानी, भटवाड़ी चडेथी टैक्सी स्टैण्ड, व मनेरी। |
| 03 | डुण्ड़ा | डुण्डा बाजार बीरपुर, धरासू बैण्ड, ब्रह्मखाल। |
| 04 | चिन्यालीसौड़ | पीपलमण्ड़ी, जोगत रोड़ चिन्यालीसौड़, नागणी तथा बड़ेथी, बनचौरा, देवीसौड़। |
| 05 | बड़कोट | बस स्टैण्ड बड़कोट, तहसील कार्यालय, लक्ष्मी नारायण मन्दिर, पुराने बाजार में इन्टर कॉलेज, डामटा, बर्नीगाड़, खरादी, स्यानाचटट़ी, जानकीचटट़ी। |
| 06 | नौगांव | नौगांव मुख्य बाजार, बस स्टैण्ड़, देहरादून रोड़ पर, बड़कोट रोड़ के निकट एस0बी0आई0 बैंक–जि0सह0बैक। |
| 07 | पुरोला | बस स्टैण्ड़ पुरोला, मोरी रोड़ नेगी टॉवर, कुमोला रोड़ सिंचाई विभाग। |
| 08 | मोरी | मोरी मैन बाजार, तहसील मोरी, टिकोची, नैटवाड़, सांकरी। |
| 09 | जोशियाड़ा | जोशियाड़ा झुला पुल, जोशियाड़ा मोटर पुल, लदाड़ी बैण्ड, नेताला, मानपुर। |
| 10 | धौन्तरी | धौन्तरी बाजार, राथलधार। |





10. **पौराणिक/सास्कृति माघ मेला–2019 की अवधि में जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी द्वारा** पुलिस एवं एस0डी0आर0एफ0 के सहयोग से आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी उपकरणों का प्रदर्शन लगाते हुये आम जनमानस को जनजागरूक किया यगा।



**जनपद में दिनांक 14.01.2019 से पौराणिक माघ मेला के परिपेक्ष्य में बच्चो के मंनोरजन/व्यक्तित्व विकास एवं आपदा** प्रबन्धन सम्बन्धी जानकारी दिये जाने हेतु पंख– Children Film Festivel का अयोजन जिला कार्यालय के अवस्थित ऑडिटोरियम हॉल में जिला प्रशासन उत्तरकाशी एंव बाल चित्र समिति, भारत (सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त संस्थान के सहयोग से किया गया। जिसमें दिनांक 16.01.2019 से दिनांक 21.01.2019 तक प्रत्येक दिन एक बाल फिल्म दिखाई गई तथा आपदा प्रबनधन सम्बन्धी जानकारी दी गयी। जिसका उद्धाटन मा0 सदस्या, अनुसूचित जनजाति, भारत सरकार द्वारा किया गया।





11. **भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 21.01.2019 को प्रातः 10:00 बजे जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अगले** 24 घंटो में उत्तराखण्ड के जनपद उत्तरकाशी में कही–कहीं भारी बर्फवारी सम्भावना व्यक्त की गई है। उक्त के दृष्टिगत अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित आवश्यक सेवाओं के विभागों की बैठक आहूत कर आवश्यक सेवाओं को दुरूस्त रखे जाने के निर्देश दिये गये। यातायात मार्गो के संवेदनशील स्थानो पर आवश्यक मशीनरी एंव पाला/बर्फवारी पड़ने वाले स्थानो पर अवश्यक मात्रा में चूना आदि की व्यवस्था की गयी।







**भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी चेतवानी को कम में वर्षा/बर्फवारी की सम्भावना को दृष्टिगत रखते** दिनांक 22. 01.2019 को जनपद के संचलित सभी शासकीय, गैर शासकीय, निजी विद्यालयों में (कक्ष 1 से 12 तक) एंव आंगनबाडी केन्द्रो में अवकाश घोषित किया गया।

12. **अनवील उत्तरकाशी–फोटो प्रतियोगिता–2019 का आयोजित किया गया है। उक्त प्रतियोगिता** में प्रतिभागियों के फोटोग्राफ्स चयनित उक्त चयनित फोटोग्राफ्स के टेबल कलेण्डर बनाये गये। जिनक लोकापर्ण मा0 संसद, टिहरी लोक सभा द्वारा किया गया। जिसमे आपदा प्रबन्धन द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गयी।

13 **<u>दिनांक 22.01.2019 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सुक्की टॉप के पास बर्फवारी होने के कारण मार्ग अवरुद्व</u>** हुआ जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर तत्काल आवश्यक मशीनों/मजदूर तैनात करवाया गया।





14. **<u>यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग राडी टॉप, गिणोटी , बपास, फूलचट्टी</u>** तथा यमुनोत्री धाम में बर्फवारी होने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ मार्ग पर पर्याप्त मशीनरी/मजदूर की तैनाती की जाय। बर्फवारी/वर्षा के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर तत्काल सुचारु किये जाने की कार्यवाही की गयी।









15. <u>**दिनांक 22.01.2019 को पुलिस लाइन के सामने मनेरा बाईपास मार्ग पर वाहन गिरने की सूचना प्राप्त होते ही**</u> जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एस0डी0आर0एफ0, पुलिस, एम्बुलेंस, उप जिलाधिकारी भटवाडी, फायर सर्विस घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। उक्त वाहन में दो लोग सवार थे। एक महिला की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी एंव एक व्यक्ति को जिला चिकित्सालय लाया गया जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी।





16. <u>**दिनांक 23.01.2019 को ग्येनेटि से बडकोट, पुरोला, मोरी 33/11 केवी विद्युत लाइन कल दिनांक 22.01.2019**</u> सांय 03:00 बजे से विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने के कारण बडकोट, पुरोला, मोरी क्षेत्र में बाधित हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा विद्युत विभाग से समन्वय कर उक्त लाइन को सुचारु किये जाने हेतु 15 विभागिय लाईनमेन/मजदूर एंव ठेकेदारों के 20 लाईनमेन/मजदूर एंव आवश्यक सामग्री सहित तैनात कर कतिपय स्थानों पर विद्युत सेवा सुचारु कर दी गयी है तथा कुछ स्थानों पर बर्फवारी फोल्ड होने के कारण कार्य पूर्ण करने में कठिनाई हुई जिसे प्रातः पुनः कार्य प्रारम्भ कर दोपहर तक सुचारु किया गया ।







17. **दिनांक 24.01.2019 को गंगनानी से गंगोत्री तक भारी बर्फवारी के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ । उक्त क्षेत्र में 01 जे0सी0बी0** 01 डोजर तथा 15 मजदूर कार्यरत है तथा भैरवघाटी में झाला तक 01 डोजर 01 व्हील लोडर और 40 मजदूर तैनात किये गये।






18. **दिनांक 28.01.2019 को झाला से हर्षिल –11 के0वी0 लाईन** खराब होने के कारण ग्रिड की आपूर्ति बधित हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उरेडा से समन्वय कर उक्त लाईन से प्रभावित ग्रामो मे उरेड़ की जल विद्युत परियोजना के माध्यम से हर्षिल में विद्युत आपूर्ति बहाल की गयी है।



19 **जनपद के तहसील मोरी, पुरोला, बडकोट एवं चिन्यालीसौड के दूरस्थ ग्रामों में लकड़ी के** परम्परागत भवनों में जानवरों के घास–चारा व लकड़ी आदि सामग्री का भण्डार होने से शीतकाल में घरों में आगजनी की घटनाओं के रोकथाम के दृष्टिगत ग्रामों में आवासीय भवनों से दूर चारा/लकड़ी के भण्डार हेतु शैडनिर्माण किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में ***दिनांक 28.01.2019 को अपरान्ह 3:00 बजे बैठक आहूत की गयी है तथा ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तरकाशी को कार्यदायी संस्था नामित कर शीघ्र कार्य प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिये गये।***

20. <u>दिनांक 31.01.2019 को जिला मुख्यालय के आस–पास भूकम्प के</u> **झटके महसूस किये गये । जनपद** आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल सायरन से सर्तक किया गया। जिलाधिकारी महोदय जनपद आपातकालीन केन्द्र में मौजूद रहते हुए सम्बन्धित अधिकारीयो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए और भूकम्प के दृष्टिगत सभी तहसील आई. आर. एस. ऐक्टीव मूव पर रहेगें।



**भूकम्प के झटके के दृष्टिगत जनपद में गठित आई0आर0एस0 के नामित अधिकारियों को सर्तक रहने के निर्देश दिये गये** है तथा सी.एम.ओ. / एम्बुलेंस आपातकालीन सेवा के लिए तैयार रखी यगी। सभी उपजिलाधिकारी तथा तहसीलदार भूकम्प से हुई जान–माल की सूचना आपातकालीन परिचालन केन्द्र में उपलब्ध करी गयी किसी भी तहसील में भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त नहीं हुयी






21. **<u>जनपद आपदा प्रबनधन प्राधिकरण द्वारा उप जिलाधिकारी बडकोटी की मांग पर बडकोट क्षेत्र में आकस्मिक दुर्घटनाओं</u>** में मृतकों के शवों को सुरक्षित रखे जाने हेतु तहसील बडकोट, पुरोला एवं मोरी में शवगृह में मॉरचुरी चैम्बर (Dead Body Freezer Box) उपलब्ध नहीं होने के के दृष्टिगत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नौगांव में 04 शवों को रखे जाने हेतु 04 बॉडी मॉरचुरी चैम्बर (*Mortuary Chamber*) उपलब्ध कराया गया है।

22 **विश्व बैंक पोषित परियोजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में Implementation of Integrated Geospatial Platform**, Database and Application for Disaster Risk Management in Uttarakhand विकसित किये जाने हेतु फर्म Asian Institute of Technology तथा उत्तराखण्ड राज्य के मध्य अनुबन्ध किया गया है। उक्त के क्रम में परियोजना के अन्तर्गत चलने वाले कार्यो व स्थापना सम्बन्धी अर्द्ध दिवसीय बैठक का आयोजन दिनांक 28.01.2019 को प्रातः 9:00 बजे से Redfox Hotel, Rajput Road Dhedradun में किया गया। उक्त बैठक में जनपद से श्री आशीष जोशी, डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी अधिकारी, जिला कार्यालय, उत्तरकाशी एवं श्री जयप्रकाश पंवार,जिला समन्वयक, आपदा प्रबन्धन,उत्तरकाशी प्रतिभाग किया गया।

23 रा0ई0का0 जिब्या कोटधार के रा0से0यो0 इकाई के 30 स्वयंसेवी छात्र/छात्राओं का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 25.01.2019 से दिनांक 31.01.2019 तक शिविर केन्द्र रा0प्रा0 विद्यालय, छैजुला आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, द्वारा 28.01.2019 को प्रतिभाग कर प्रतिभागी स्वयंसेवी छात्र–छात्राओं एवं ग्राम वासियों को आपदा प्रबन्धन सम्बन्धित जानकरी प्रदान करना सुनिश्चित करें।

24. ऊचाई वाले भागों में बर्फवारी होने से तापमान में गिरावट होने के साथ अत्यधिक ठंड बढने की सम्भावना के दृष्टिगत एवं विगत दिनों में हुई बर्फवारी से पैदल मार्ग अवरूद्ध होने के कारण जनपद के शीतकालीन वाले विद्यालयों की शीतावकाश की अविध दिनांक 01 फरवरी, 2019 से दिनांक 7 फरवरी, 2019 तक (सात दिन) विस्तारित की गयी। इस अवधि में उक्त विद्यालयों के शिक्षक भी अवकाश पर रहेंगे, जिनके उपभोग किये गये शीतावकाश की अवधि को ग्रीष्मकालीन अवकाश में समायोजित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त उक्त क्षेत्रों के आंगनबाडी केन्द्रों में भी उक्त अवधि तक अवकाश किया गया

इसके अतिरिक्त समय–समय पर अन्य बैठकों में प्रतिभाग करते हुये उच्चाधिकारियो द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया गया है।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>प्रतिलिपिः</u>– निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।